आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 नवम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु कल प्रदेश के दौरे पर आएंगी। वह दिन में लखनऊ में ब्रह्माकुमारी वैश्विक एकता और विश्वास के लिए ध्यान समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति कल शाम को लखनऊ में चल रहे भारत स्काउट्स और गाइड्स के हीरक जयंती समारोह तथा उन्नीसवें राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह को संबोधित भी करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए लखनऊ में व्यापक तैयारियां की गयी हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजियाबाद में भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति की स्थापना एवं मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री योगी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव और चार पवित्र जैन तीर्थंकर अयोध्या धाम की धरती पर पैदा हुए। कार्यक्रम के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चौबीस जैन तीर्थंकरों ने समाज को करुणा, मैत्री, अहिंसा तथा 'जियो और जीने दो' का पवित्र संदेश दिया। श्री योगी ने कहा कि जैन तीर्थंकरों की यह शिक्षा परंपरा आज भी पूर्णतः प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने नोएडा के जेवर स्थित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुरुआत की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

****

गोरखपुर पीलीभीत एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार बरेली के इज्जतनगर रेलवे स्टेशन तक कर दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने इस ट्रेन के विस्तार का आज वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार में रेल सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में डबल इंजन सरकार के अच्छे कामकाज के बारे में भी चर्चा की। इस दौरान पीलीभीत के पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय जनता भी मौजूद रही।

****

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण– यूआईडीएआई ने आधार आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के लिए देश भर में दो करोड़ से ज्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटा दिए हैं। एक रिपोर्ट–

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि किसी व्यक्ति की मौत हो जाने पर यह आवश्यक है कि उसका आधार नंबर हटा दिया जाए ताकि पहचान में धोखाधड़ी या उस व्यक्ति को मिलने वाले फायदे पाने के लिए ऐसे आधार नंबर के बिना अनुमति के उपयोग पर रोक लगाई जा सके। इस बीच, यूआईडीएआई ने आधार नंबर धारकों से कहा है कि वे मृत्यु पंजीकरण अधिकारी से मृत्यु प्रमाण–पत्र लेने के बाद अपने परिवार के सदस्यों की मौत की रिपोर्ट माईआधार पोर्टल पर अवश्य सूचित करें। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

केन्द्र सरकार ने उस वीडियो को खारिज किया है जिसमें यह दावा किया गया है कि सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने चीन के पाकिस्तान को समर्थन देने से रोकने के लिए अरुणाचल प्रदेश चीन को देने का सुझाव दिया है। इस वीडियो में ये भी कहा गया है कि भारत–पाकिस्तान संघर्ष के दौरान सेना अध्यक्ष ने चीन की तकनीक द्वारा राफाल विमानों को नष्ट करने के दावे को स्वीकार किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि कई पाकिस्तान के ए.आई. जनरेटेड अकाउंट इस भ्रामक वीडियो का प्रसार कर रहे हैं।

****

गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी के छप्पनवें संस्करण में आज कई प्रमुख गतिविधियां आयोजित की गयीं। इस दौरान आज सुबह गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने महान छायाकार और फिल्म निर्माता श्री वैकुंठ के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। एक रिपोर्ट–

इस अवसर पर श्री वैकुंठ की उन्नीस सौ सतहत्तर की डॉक्यूमेंट्री दृ 'गोवा मार्चेस ऑन' प्रदर्शित की गई। वहीं दूसरी और जिम्मा ब्लास्को द्वारा निर्देशित स्पेनिश ड्रामा फिल्म "फ्यूरी" का आज 'निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फीचर फिल्म' श्रेणी में प्रीमियर हुआ। इस फिल्म को कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसिद्ध अभिनेत्री राजेश्वरी सचदेव ने कहा कि ओटीटी अब नये कलाकारों के लिए स्वर्णिम अवसर है। उधर, कला अकादमी में अभी फिल्म निर्माण के रचनात्मक, आलोचनात्मक और तकनीकी आयामों पर गहन तथा व्यापक चर्चा हुई। आदर्श और सायरा के साथ निखिल कुमार, आकाशवाणी समाचार, पणजी, गोवा।

****

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय दो से पंद्रह दिसम्बर तक काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का आयोजन करेगा। वाराणसी में इसके तहत स्कूली बच्चों के बीच अलग–अलग स्थानों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें पोस्टर मेकिंग, रंगोली और फोटोग्राफी आदि शामिल हैं।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक बढ़ोत्तरी के बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के गिरावट की भी संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा और सुबह के समय कहीं–कहीं हल्के से मध्यम कोहरे का असर भी बना रहेगा।

****